सरयू राय
मंत्री
संसदीय कार्य–सह
खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं
उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड सरकार

झारखण्ड सरकार

कार्यालय :-
झारखण्ड मंत्रालय
प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची
आवास : एफ॰टाईप, पी॰डब्लू॰डी॰ (IB)
डोरण्डा, राँची
मो॰ : 9431114486

पत्रांक 919 / मंत्री/का॰ दिनांक 27-3-1

सचिव,

राज्य के विभिन्न हिस्सों से विभाग द्वारा आपूर्ति किये जा रहे Double fortified Salt के गुणवत्ता के बारे में शिकायतें आ रही हैं। अलग अलग स्थानों से शिकायतों के प्रकार भी अलग अलग है। जैसे दाल के पीला हो जाने, कहीं काली हो जाने, कहीं से दाल की सतह पर काली परत पड़ जाने कहीं से स्वाद मे अंतर आ जाने की शिकायतें है। ये शिकायतें दाल और सब्जी दोनों में डाले गये नमक के संबंध में है।

वैसे तो विभाग ने Double fortified Salt की आपूर्ति बन्द करने का निर्णय लिया है परन्तु अलग अलग स्थानों से दाल और सब्जी पर Double fortified Salt नमक का प्रभाव अलग अलग होने से प्रतीत होता है कि अलग अलग जिलों में आपूर्ति किये गये नमक में आयरन के फोर्टिफिकेशन की मात्रा और गुणवत्ता अलग अलग है।

स्मरणीय है कि Double fortified Salt नमक की आपूर्ति करने का विचार चल रहा था तो कुछ लोगों ने दाल और सब्जियों के रंग पर इसके प्रभाव के बारे में आंशका जाहिर किया था, उस समय बताया गया कि इस प्रकार का गंभीर असर नहीं होगा। विभिन्न जिलों में Double fortified Salt के नमक की आपूर्ति करने वाली संस्थाए अलग अलग हैं। संभवतः उनके द्वारा फोर्टिफिकेशन की प्रक्रिया करने में भी भिन्नत हो। निविदा प्रक्रिया में इस पर विचार हुआ कि नहीं इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसके बारे में कोई दृढ़ मत स्थिर करना मेरे लिए संभव नहीं हो पा रहा है।

इसलिए आवश्यक प्रतीत हो रहा है कि विभिन्न स्थानों/जिलों में आपूर्ति किए गये Double fortified Salt के नमूनों की जॉच कराई जाय ताकि यह पता चल सके कि आपूर्तिकत्ताओं के फोर्टिफिकेशन प्रक्रिया के दौरान किसी खास मानक का अनुपालन किया गया है या नहीं।

इस संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी स्तर पर कोई मानक तय हो तो इस बारे में भी जानकारी उपलब्ध करायें तथा आपूर्ति किये नमक इन मानकों की कसौटी पर कितना खरा उतर रहा है इसकी जानकारी उपलब्ध कर सूचित करें।

सरयू राय

सरयू राय